समाचार

उद्यानों के निर्माण कार्य, गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में पूर्ण करें – महापौर

(नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत महापौर ने निर्माणाधीन उद्यानों का किया सघन निरीक्षण)

कोरबा 26 नवम्बर 2024 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के अभियंताओं व निर्माण एजेंसी को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि आगामी माह के अंदर वार्ड क्र. 16 कोहड़िया स्थित उद्यान, वार्ड क्र. 22 एम.पी.नगर उद्यान आदि उद्यानों के निर्माण व उन्नयन संबंधी सभी आवश्यक कार्यो को पूरा करें, कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं तथा कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करें। उन्होने उद्यानों में किए जा रहे विभिन्न कार्यो की ड्राईंग डिजाईन आदि का सूक्ष्मता से अवलोकन किया तथा कार्यो की बेहतरी के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत शहर के विभिन्न उद्यानों का महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्माणाधीन वार्ड क्र. 16 कोहड़िया स्थित उद्यान की लागत राशि 50 लाख रूपये, वार्ड क्र. 22 एम.पी.नगर कटहल गार्डन उद्यान की लागत राशि 45 लाख रूपये आदि उद्यानों का सघन रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रगतिरत कार्यो का समयसीमा में एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य पूर्ण करें ताकि निकट भविष्य में उद्यानों का लोकार्पण हो सके और आमजनता को इसका शीघ्र लाभ मिले तथा शहर में बढ़ रहे प्रदूषण से आमनागरिकों को स्वास्थ्यगत लाभ मिल सके।

उद्यानों के निर्माण व उन्नयन कार्य के तहत उद्यान में लैण्डस्केपिंग, फाउंटेन, पाथवे, चिल्ड्रन प्ले एरिया सहित विभिन्न कार्य प्रगति पर हैं। उन्होने कहा कि उद्यानों के निर्माण , उन्नयन व विकास का कार्य आमनागरिकों को हेल्थ, वाकिंग व मनोरंजन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, अतः इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें ताकि इन सुविधाओं का लाभ लोगों को प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद अनुज जायसवाल, कार्यपालन अभियंता सुरेश बरूवा, उप अभियंता विनोद कुमार गोंड़, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।